आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 20.10.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेशभर में सुख–समृद्धि, सौहार्द और रोशनी के पर्व दीपावली का उल्लास–चारों ओर उजियारे की जगमग।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना के साथ दीवाली की खुशियां साझा कीं–स्वदेशी युद्धपोत आई.एन.एस. विक्रांत को आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का प्रतीक बताया।

- केन्द्र सरकार ने आपदा राहत और पुनर्वास के लिए 27 राज्यों को इस साल अब तक लगभग 13 हजार 600 करोड़ रुपये की राशि जारी की।

- प्रदेश में तापमान में गिरावट से अधिकतर स्थानों पर मौसम सुहावना बना हुआ है।

000

प्रदेशभर में सुख–समृद्धि, सौहार्द और रोशनी के पर्व दीपावली का उल्लास छाया हुआ है। लोग व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों में लक्ष्मी और गणेश पूजन की तैयारियों में जुटे हैं। लोग घर–परिवार और मित्रों के साथ त्यौहारी खुशियों का आनंद ले रहे हैं। चप्पे–चप्पे पर फैला उजियारा अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश दे रहा है।

जहां, बाजार लुभावनी सजावट और रंग–बिरंगी रोशनी की सतरंगी आभा से सराबोर हैं। वहीं घरों को दियों, झालरों, लड़ियों, रंगोली, फूलों और बंदनवार से सजाया गया है। मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर मनभावन झांकियां सजाई गई हैं। सुबह से ही भक्त श्रद्धा और आस्था के साथ दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बाजारों में आज भी दिनभर चहल–पहल रही।

राजधानी जयपुर के परकोटा क्षेत्र की सजावट और रोशनी को निहारने के लिए स्थानीय नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। पर्यटक इसे कैमरों में कैद कर रोमांचित हो रहे हैं। उधर, उदयपुर में भी पर्यटकों का हुजूम उमड़ा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे व्यवसायियों में खासा उत्साह है।

...............

बाड़मेर जिले में भी रोशनी के त्यौहार पर उमंग और उल्लास का माहौल है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र भी उजाले से जगमग हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि सरहद पर बीएसएफ जवानों ने सीमा चौकियों पर आकर्षक दीप मालाएं सजाई हैं।

...............

दीपोत्सव पर कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस टीमें मुस्तैदी से गश्त कर रही हैं। पटाखों और आतिशबाजी से होने वाले प्रदूषण को देखते हुए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से पर्यावरण अनुकूल और हरित दीपावली मनाने की अपील की गई है।

कार्तिक अमावस्या पर भगवान महावीर स्वामी को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। इस उपलक्ष में जैन मंदिरों में कल मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाएगा। वहीं दीपोत्सव की श्रृंखला में 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन होंगे। इसके अगले दिन भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा और कारवार तट पर नौसेना जवानों के साथ दिवाली मनाई। अपने संबोधन में श्री मोदी ने स्वदेशी युद्धपोत आई.एन.एस. विक्रांत से देशवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आई.एन.एस. विक्रांत आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का प्रतीक है। उन्होंने देश के सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि तीनों सेनाओं के समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सैन्य बलों की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब चारों ओर स्वदेशी के मंत्र की गूंज है।

...............

प्रधानमंत्री कल आई.एन.एस. विक्रांत पहुंचे। वे नौसेना के बड़े खाने में शामिल हुए। उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान सैनिकों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

...............

प्रधानमंत्री ने युद्धपोत से वॉर ड्रिल भी देखा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी हर साल सैन्य बलों के जांबाजों के साथ दीपावली का पर्व मनाते हैं।

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन भरने की कल आखिरी तारीख है। अब तक 12 प्रत्याशियों की ओर से 17 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न उम्मीदवार लोगों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देकर जनसम्पर्क भी कर रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन और तिलहन की खरीद के लिए किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया दीपावली पर्व के मद्देनजर आज और कल दो दिन के स्थगन के बाद 22 अक्टूबर से खुलेगी। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य में मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन की एमएसपी पर खरीद के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू की गई है। श्री दक ने बताया कि अब तक 60 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दो दिन के स्थगन के बाद किसान परसों से अपनी उपज बेचने के लिए राजफेड पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं।

000

केन्द्र सरकार ने आपदा राहत और पुनर्वास के लिए कई राज्यों को एसडीआरएफ के केन्द्रीय हिस्से की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने वर्ष 2025–26 के दौरान एसडीआरएफ के तहत 27 राज्यों को लगभग 13 हजार 603 करोड़ और एनडीआरएफ के तहत 15 राज्यों को 2 हजार 89 करोड़ रुपये दिये हैं। बाढ़, भूस्खलन और अतिवृष्टि से प्रभावित सभी राज्यों को एनडीआरएफ टीमों और बचाव कार्यों के लिए ये सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई है। इसके साथ ही राजस्थान सहित हरियाणा और मध्य प्रदेश को अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए लगभग 903 करोड़ रुपये की राशि मुहैया कराई गई है।

000

नये आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूरा होने पर राजस्थान पुलिस की ओर से जयपुर में लगाई गई प्रदर्शनी का कल अंतिम दिन है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में नव विधान–न्याय की नई पहचान थीम पर चल रही इस हाईटैक प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में आमजन पहुंच रहे हैं। पुलिस महानिदेशक, राजीव कुमार शर्मा ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नये कानून नागरिक और पीड़ित केन्द्रित हैं। इनमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है। हालांकि दिन के समय धूप थोड़ी तेज है, लेकिन उमस और गर्मी का एहसास नहीं है। वहीं रात के समय हल्की सर्दी मौसम को खुशनुमा बना रही है। बीते 24 घंटों में सिरोही और जालौर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के आस–पास रहा।

वहीं 15 अन्य शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। दिन की बात करें तो बाड़मेर में अधिकतम तापमान साढे 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, फलौदी और श्रीगंगानगर में पारा 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। उधर, सीकर, झुंझुनूं और चूरू में सुबह–शाम ठंड की गुलाबी रंगत नजर आ रही है। चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बार अच्छी बारिश के कारण सर्दी ने जल्दी दस्तक दे दी है।

000

प्रदेश में कल पुलिस शहीद दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी में विशेष कार्यक्रम रखा गया है। 21 अक्टूबर को हर साल पुलिस के उन जवानों को याद किया जाता है, जिन्होंने देश सेवा के लिए अपने प्राणों की बाज़ी लगा दी। इस अवसर पर वीरांगनाओं और शहीदों के परिजन का सम्मान किया जाएगा।

000